बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-212
28/04/2025

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब–वे) तथा डबल डेकर फ्लाईओवर का किया निरीक्षण, जल्द कार्य पूर्ण कर आवागमन शुरू कराने का दिया निर्देश

पटना, 28 अप्रैल 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज निर्माणाधीन भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब–वे) का निरीक्षण किया। यह भूमिगत पैदल यात्री मार्ग पटना जंक्शन के पास से शुरू होकर मल्टी लेवल पार्किंग, जी0पी0ओ0 तक बनाया गया है। इस दौरान उन्होंने ट्रैवेलेटर, एस्केलेटर आदि का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं तथा कनेक्टिविटी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमिगत पैदल यात्री मार्ग के बचे हुये काम को जल्द पूर्ण कर इसकी शुरुआत कराएं। इसके शुरू होने से पटना जंक्शन और इसके आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम होगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा।

ज्ञातव्य है कि जी०पी०ओ० गोलम्बर के नजदीक मल्टीलेवल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने हेतु भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब–वे) का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित करना है। पटना जी०पी०ओ० गोलम्बर के समीप मल्टीलेवल हब का निर्माण किया जा रहा है जो यातायात के विभिन्न स्त्रोतों को जोड़ने वाला एक प्रमुख केन्द्र होगा। ज्ञातव्य है कि 440 मीटर लंबा यह सब–वे पटना जंक्शन से बुद्ध स्मृति पार्क के पास निर्मित मल्टी–लेवल पार्किंग के माध्यम से जी+2 मल्टी–मॉडल हब को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। दूसरी ओर, 27 हजार 356 वर्ग मीटर में फैले मल्टी–मॉडल हब में दो मंजिलें ऑटो–रिक्शा, ई–रिक्शा, कैब और निजी वाहनों की पार्किंग के लिए आरक्षित होंगी। ग्राउंड फ्लोर सिटी बसों की पार्किंग के लिए है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने अशोक राजपथ पहुँचकर निर्माणाधीन डबल डेकर पुल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने डबल डेकर पुल के ऊपरी और निचली दोनों पुलों का गाड़ी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से एन0आई0टी0 मोड़ तक बन रहे इस डबल डेकर फ्लाई ओवर का काम लगभग पूरा हो चुका है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डबल डेकर फ्लाईओवर के बचे हुए कामों को जल्द पूरा कर इसकी शुरुआत कराएं। इसकी शुरुआत होने से पटना यूनिवर्सिटी जानेवाले छात्र–छात्राओं को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही अशोक राजपथ के इलाके में रहनेवाले लोगों का आवागमन सुलभ होगा और गाड़ियों के अनावश्यक शोर से भी राहत मिलेगी।

ज्ञातव्य है कि डबल डेकर फ्लाईओवर की कुल लंबाई 2.2 कि0मी0 है जिसमें ऊपर का पुल 2.2 कि0मी0 लंबा है जबकि नीचे का पुल 1.7 कि0मी0 लंबा है। फ्लाईओवर के ऊपर का पुल कारगिल चौक से शुरू हो रहा है और साइंस कॉलेज के पास समाप्त हो रहा है वहीं नीचे का पुल बी0एन0 कॉलेज से शुरू हो रहा है जो पटना कॉलेज तक जा रहा है और यह 1.7 कि0मी0 लंबा है। इस डबल डेकर फ्लाईओवर को बीच में पी0एम0सी0एच0 आने–जाने वालों के लिए कृष्णा घाट के पास कनेक्टिविटी दी गई है। इसे पी0एम0सी0एच0 के मल्टी लेवल पार्किंग से भी जोड़ने की योजना है। यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्टों में से एक है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना नगर निगम के नगर आयुक्त श्री अनिमेश पराशर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******